Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 11-03-2006
Participants : Yadav Dr. Karan Singh,Dangawas Shri Bhanwar Singh

an>

Title : Need to purchase of Mustard Crop in Rajasthan.

डॉ. करण सिंह यादव (अलवर) : अध्यक्ष महोदय, राजस्थान में सरसों की खरीद के बारे में पहले भी खाद्य मंत्री से निवेदन किया गया था कि गत र्वा जो सरसों समर्थन मूल्य पर खरीदी गयी थी, वह आज भी गोदामों में ऐसे ही पड़ी है। केन्द्र सरकार की दोपूर्ण आयात नीति की वजह से सरसों की खपत नहीं हो रही। इस कारण इस साल सरसों खरीदी नहीं जा रही। यह आशंका पहले भी इस सदन में व्यक्त की गयी थी। माननीय एग्रीक्लचर मिनिस्टर साहब ने राजस्थान को निर्देश दिया था कि 1 मार्च से सरसों की खरीद चालू हो जायेगी। लेकिन मुझे खेद के साथ कहना पड़ रहा है कि आज 11 मार्च तक राजस्थान के मात्र कोटा संभाग में सरसों की खरीद की जा रही है। यह संभाग राजस्थान की मुख्य मंत्री महोदया तथा वहां के सहकारिता मंत्री का गृह जिला है इसलिए सिर्फ उसी संभाग में सरसों की खरीद की जा रही है। राजस्थान के अलवर, भरतपुर, सवाई माधोपुर, करौली आदि ऐसे क्षेत्र हैं जहां सरसों की भारी पैदावार हो रही है। वहां रोज लाखों क्विंटल सरसों मंडियों में आती है। वहां का किसान औने-पौने दामों पर सरसों बेचने पर मजबूर है। मेरी मांग है कि इस मामले में केन्द्र सरकार हस्तक्षेप करे और पूरे राजस्थान में सरसों की खरीद चालू करवाये।

MR. SPEAKER : Do not refer to State matters.

श्री भँवर सिंह डांगावास (नागौर) : अध्यक्ष महोदय, मैं भी इस इश्यू के साथ अपने को संबद्ध करता हूं।

अध्यक्ष महोदय : ठीक है।